#ConvocationTime 13वें दीक्षांत समारोह में कल डॉ. रेड्डीस के एमडी होंगे चीफ गेस्ट

आईआईएम का दीक्षांत: कोविड टाइम पर नहीं आए थे, उन्हें भी मिलेगी डिग्री

पत्रिका ZOOM रिपोर्टर
patrika.com

रायपुर . नया रायपुर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) का 13वां दीक्षांत समारोह 10 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से शबरी मैदान में होने जा रहा है। इस दीक्षांत को इसलिए भी याद रखा जाएगा क्योंकि वे छात्र भी डिग्री लेने आएंगे जो कोविड के दौरान नहीं आए थे। बात दें कि 29 अक्टूबर 2021 को संस्थान ने अपना नौवां और दसवां दीक्षांत ऑनलाइन आयोजित किया था। 18-20 और 19-21 के 124 एलुमिनाई डिग्री लेने आ रहे हैं।

इसके अलावा पीजीपी 2022-24 के 298 और ईपीजीपी के 184 छात्रों को डिग्रियां दी जाएंगी। साथ ही गोल्ड मेडल भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम शबरी मैदान में 3 बजे से शुरू होगा। मुख्य अतिथि डॉ. रेड्डीस लेबोरिटीज के को-चेयरमैन और एमडी जी.वी. प्रसाद होंगे जबकि अध्यक्षता चेयरपर्सन बोर्ड ऑफ गवर्नस पुनीत डालमिया करेंगे।

यह तस्वीर 29 अक्टूबर 2021 की है जब दीक्षांत ऑनलाइन हुआ था।

खुशी मिली इतनी...

एलुमिनाई प्रसाद राठी, अभिषेक गोनकर और मोनिका बिरुआ ने पत्रिका से बातचीत में कहा कि आईआईएम ने हमें अनमोल खुशी दी है। हम कॉन्वोकेशन में आने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। हम डायरेक्टर सर का आभार प्रकट करते हैं कि उन्होंने इतनी अच्छी पहल की। दीक्षांत का रिहर्सल मंगलवार को आईआईएम कैंपस में होगा।

जीवन में गौरव का पल होता है डिग्री लेना

किसी भी छात्र के लिए दीक्षांत में शामिल होकर डिग्री लेना गौरव का पल होता है। हम चाहते थे कि कोविड टाइम में जिन्हें यह खुशी नहीं मिल पाई थी उन्हें मौका मिले। इसलिए इस साल के दीक्षांत में उन्हें भी आमंत्रित किया गया है।

प्रो. रामकुमार काकानी,
डायरेक्टर आईआईएम रायपुर

जानिए किस बैच में कितनी डिग्रियां मिलेंगी

पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट 2021-23: आईएसई	22
पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट: अदर रीजन स्टूडेंट	04
पीजीपी 2022-24	298
ईपीजीपी	184
एफपीएम	06
ईएफपीएम	05
एलुमिनी बैच 2018-20 और 2019-21 के स्टूडेंट	124

यह होगा ड्रेस कोड

ब्वॉयज के लिए फॉर्मल शर्ट पैंट और गर्ल्स के लिए व्हाइट/क्रीम साड़ी। इसमें गोल्डन बॉर्डर होगा। छात्रों से कहा गया है कि वे ढाई बजे ही अपनी सीट में पहुंच जाएं। कार्यक्रम में बच्चों को लाने मना किया गया है।

Patrika (zoom), 09 April, 2024, P. 01